कार्यालय कलेक्टर,
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

–:: विज्ञापन ::–

कमांक/ 670 /स्थापना/भर्ती/2016 नारायणपुर दिनांक सितम्बर 2016

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर का आदेश कमांक/एफ 2–38/सात–2/2016 नया रायपुर दिनांक 08 सितम्बर 2016 के अनुसार तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु वित्त विभाग के कम्प्यूटर कमांक एफ 2016–07–00538 दिनांक 31.08.2016 द्वारा स्वीकृति एवं छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर का अधिसूचना कमांक एफ 1–1/2012/1–3 नया रायपुर दिनांक 10.03.2015 के अनुसार जिला कार्यालय (राजस्व विभाग) नारायणपुर के नियमित रिक्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26.10.2016 को संध्या 05 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

पद – स्टेनोटायपिस्ट (कुल रिक्त पद 03)
पुनरीक्षित वेतन बैंड 5200–20200 जीपी 1900 + विशेष वेतन

पद का विवरण	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.वर्ग	सामान्य
मुक्त	1	–	1	–
महिला	1	–	–	–
भू0पू0सै0	–	–	–	–
निःशक्तजन	–	–	–	–

पद – सहायक ग्रेड – 03 के (कुल रिक्त पद 04)
पुनरीक्षित वेतन बैंड 5200–20200 जीपी 1900

पद का विवरण	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.वर्ग	सामान्य
मुक्त	1	–	1	–
महिला	1	–	–	–
भू0पू0सै0	1	–	–	–
निःशक्तजन	–	–	–	–

पद – चौकीदार (कुल रिक्त पद 02)
पुनरीक्षित वेतन बैंड 4750 – 7440 जीपी 1300

पद का विवरण	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.वर्ग	सामान्य
मुक्त	1	–	–	–
महिला	1	–	–	–
भू0पू0सै0	–	–	–	–
निःशक्तजन	–	–	–	–

पद – अर्दली (कुल रिक्त पद 02)
पुनरीक्षित वेतन बैंड 4750 – 7440 जीपी 1300

पद का विवरण	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.वर्ग	सामान्य
मुक्त	1	–	–	–
महिला	1	–	–	–
भू0पू0सै0	–	–	–	–
निःशक्तजन	–	–	–	–

पद – भृत्य (कुल रिक्त पद 6)
पुनरीक्षित वेतन बैंड 4750 – 7440 जीपी 1300

पद का विवरण	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.वर्ग	सामान्य
मुक्त	2	–	1	1
महिला	1	–	–	1
भू0पू0सै0	–	–	–	–
निःशक्तजन	–	–	–	–

पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्नानुसार है :–

क्र.	पद का नाम	वेतनमान	शैक्षणिक योग्यता
1	2	3	4
01	स्टेनोटायपिस्ट	5200–20200 ग्रे.पे. 1900	01. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल/वि.वि. से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) उत्तीर्ण या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष उत्तीर्ण या भरती नियम के अनुसार निर्धारित योग्यता। 02. मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 25 शब्द प्रतिमिनट की गति से कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग लेखन परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति होना चाहिए। 03. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री में 5000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति होनी चाहिए।
02	सहायक ग्रेड –3	5200–20200 जीपी 1900	01. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष उत्तीर्ण। 02. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति होनी चाहिए।
03	चौकीदार	4750–7440 ग्रे.पे. 1300	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 05 वी उत्तीर्ण ।
04	अर्दली	4750–7440 ग्रे.पे. 1300	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 05 वी उत्तीर्ण ।
05	भृत्य	4750–7440 ग्रे.पे. 1300	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 05 वी उत्तीर्ण ।

नियम व शर्ते –

01. **आयु सीमा :–**

(अ) आयु दिनांक 01.01.2016 की स्थिति से न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। शासन द्वारा समय–समय में दी गयी आयु सीमा में छूट का प्रावधान रहेगा।

(ब) सामान्य वर्ग के आवेदक की आयु (छ0ग0 के निवासी हेतु) 01.01.2016 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष तथा अन्य विशेष वर्ग जैसे – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार जो छूट है। वह लागू रहेगी, परन्तु उपरोक्त सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

(स) छ0ग0शासन, आयु सीमा में लागू नियम एवं छूट दिये जाने सम्बधि निर्देश जारी किये जाने पर उक्त आदेश/निर्देश इस विज्ञापन में लागू होगा।

(द) नारायणपुर जिले के स्थानीय निवासी भर्ती हेतु पात्र होगें।

2. इस विज्ञापन के प्रकाशन के पूर्व का रोजगार कार्यालय जिला नारायणपुर का जीवित पंजीयन अनिवार्य है।

3. एक से अधिक रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छूक अभ्यथियों को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक रूप से आवेदन पत्र जमा करना होगा।

4. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को स्थाई जाति प्रमाण – पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

5. उम्मीदवार को अपनी आयु के समर्थन में पॉचवी /आठवीं/दसवी की अंक सूची सत्यापित संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत अवोदन मान्य नही किये जायेगें।

7. किसी भी उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नही होगा।

8. भर्ती प्रकिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में चयन समिति एवं कलेक्टर जिला नारायणपुर का निर्णय अंतिम होगा, तथा वह आवेदक के लिए बंधनकारी होगा।

9. अपूर्ण अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नही की जावेगी एवं ऐसे समस्त आवेदन अमान्य कर दिये जावेगें।

10. प्रमाण-पत्रों को परीक्षण के समय आवेदक को अपना शैक्षणिक योग्यता एंव अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

11. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी, एवं संबंधित अभ्यार्थी के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

12. कोई भी उम्मीदवार जिन्हे विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, तो वह नियुक्ति के लिए अपात्र होगा।

13. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2011 को या उसके पश्चात् हुआ हो तो नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

14. लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम आवेदक का नाम एवं आवेदक का वर्ग एवं पता स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए । आवेदन पत्र के साथ पांच रूपये का डाक टिकिट लगा हुआ लिफाफा (10x4) जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट रूप से लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

15. किसी विवाहित महिला उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम/उपनाम में परिवर्तन किया गया हो तो परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

16. उम्मीदवार द्वारा नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा कर उसे राजपत्रित अधिकारी अथवा स्वयं के द्वारा अभिप्रमाणति कराया जाकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

17. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।

18. निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित कलेक्टर जिला नारायणपुर के पते पर पंजीकृत डाक से दिनांक 26.10.2016 को संध्या 5.00 बजें तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

19. चौकीदार/अर्दली/भृत्य पद के लिए उम्मीदवार का चयन पात्रता की शर्तो में अंकित न्यूनतम अर्हता प्रमाण पत्र परीक्षा में प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर तैयार सूची से किया जावेगा।

20. चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पांचवी उत्तीर्ण प्राप्तांक के आधार पर चयन किया जावेगा।

21. चयन हेतु अभ्यार्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति की होगी।

22. स्टेनोटायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड – 3 के पदों पर चयन शैक्षणिक योग्यता, दक्षता/कौशल परीक्षा के आधार पर किया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांको को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। इसमें रिक्तयों की संख्या के 10 गुना उम्मीदवार को सम्मिलित किया जावेगा। अंतिम चयन हेतु अंको का विभाजन निम्नानुसार होगा –

तृतीय श्रेणी के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांको के अंको पर 50 प्रतिशत अंक, कौशल परीक्षा 20 अंक कौशल परीक्षा में एवं समकक्ष पद हेतु कार्यानुभव के लिए 06 अंक प्रति एक वर्ष हेतु अधिकतम 30 प्रतिशत अंक (अनुभव प्रमाण पत्र शासकीय संस्थाओं) का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा उक्त अधिकारी से निम्न स्तर के अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र मान्य नही किया जावेगा।

23. उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है, जिसमें वृद्वि या कमी संभावित है।

24. शासन से भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या अतिरिक्त शर्ते/निर्देश जारी किया जाता है, तो इस विज्ञप्ति द्वारा भरे जाने वाले पदों की भर्ती पर भी लागू होगा।

25. चयनित अभ्यार्थियों की नियुक्ति जिले के राजस्व विभाग में की जा सकती है।

26. प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से 01 वर्ष के लिए वैद्य होगी।

27. दक्षता/कौशल परीक्षा हेतु पृथक से तिथि एवं स्थान की सूचना उम्मीदवारों को दी जावेगी। दक्षता/कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिए अनर्ह माना जायेगा।

28. उपर्युक्त पदों की भर्ती में शासन द्वारा छ0ग0राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों (नारायणपुर जिले से संबंधित) के उम्मीदवारों को निर्धारित योग्यता पूर्ण करने पर चयन प्रकिया का अनुसरण किये बिना ही सीधे नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

29. विकलांग उम्मीदवार विकलांगता के संबंध में सक्षम अधिकार द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

30. उपर्युक्त पदों की भर्ती के पूर्व अथवा भर्ती के तत्काल पश्चात् उम्मीदवार के चरित्र एवं पूर्ववृत्तों का पुलिस द्वारा सत्यापन कराया जायेगा और सत्यापन के आधार पर उम्मीदवार का चरित्र और पूर्ववृत्त संतोषप्रद पाया जाता है, तो उसकी सेवायें निरंतर रखी जायेगी अन्यथा उसकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी।

27.9.2016

संयुक्त कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर
जिला नारायणपुर

आवेदन – पत्र

प्रति,

अभिप्रमाणित
फोटो चस्पा करें

कलेक्टर,
जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

आवेदित पद का नाम :– .....

आवेदक का नाम हिन्दी में :– .....

1. अंग्रेजी में :– .....
2. पिता/पति का नाम :– .....
3. वर्तमान डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जावेगा। :–.....
4. स्थायी पता :– .....
5. जन्म तिथि (पांचवी/हाईस्कूल/हायर से.के.) या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार :– वर्ष.....माह.....दिन.....
6. डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 01 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र उत्तीर्ण का वर्ष :– .....
7. दिनांक 01.01.2016 को आयु :– वर्ष.....माह.....दिन.....
8. जन्म स्थान :– ग्राम/नगर.....
   तहसील.....जिला.....
   राज्य.....पिन नं.....
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक :– .....
10. क्या, आवेदक विवाहित हैं? यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– .....
11. जीवित बच्चों की संख्या (बच्चों का नाम/लिंग जन्म तिथि सहित) :– .....
    01.....
    02.....
12. विकलांगता होने की दशा में सक्षम प्राधिकारी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें :–.....।
13. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? हां/नहीं यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें .....।

14. क्या अभ्यर्थी के विरूद्व दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थानों/न्यायालय में लंबित है। अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें .....
.....।

15 जाति का विवरण जो लागू हो कृपया सही (√) का निशान लगाईयें –
अ0ज0जा0, अ0जा0, अ0पि0ग0, सामान्य, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, पुरूष महिला आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।

16. शासकीय विभाग समक्ष पद हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी कार्यनुभाव प्रमाण पत्र :– .....
.....।

17. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम एवं वर्ष	स्कूल/बोर्ड/वि. वि. का नाम	विषय	प्राप्तांकों का प्रतिशत	प्रतिशत/श्रेणी
1	2	3	4	5	6

18. अन्य योग्यता :–

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	मंडल /संस्था का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्त अंक	प्रतिशत/श्रेणी
1	2	3	4	5	6

18. अनुभव :–

क्र.	अनुभव	संस्था का नाम	प्रमाण पत्र का कमांक एंव दिनांक	कितने वर्ष का अवधि	रिमार्क
1	2	3	4	5	6.

संलग्न :— सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची विवरण सहित।

1. :— .....।

2. :— .....।

3. :— .....।

4. :— .....।

5. :— .....।

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा — पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि, मैने विज्ञापित पात्रता शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टयां सत्य पूरी और सही है। मुझे मालुम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी, तो मेरी आवेदन पत्र को निरस्त किया जावेगा। परीक्षा में उत्तीर्ण एवं चयन के उपरांत भी मेरा नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्व मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नही होगा।

स्थान :— .....

दिनांक :—.....

आवेदक के हस्ताक्षर